आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 27.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत शांतिप्रिय देश और विश्व कल्याण में योगदान के साथ प्रगति का आकांक्षीं
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्तर को सुधारने के लिए सरकारी योजनाओं को महत्वूपर्ण बतायां
- राज्य में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे हैं–हालांकि वायरस का ये वेरिएंट घातक नहीं
- जयपुर–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बस और ट्रेलर की टक्कर में तीन लोगों की मृत्यु और 24 घायलं
- दक्षिण कोरिया में चल रही एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के धावक गुलवीर सिंह ने दस हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान का भारत के खिलाफ तथाकथित छद्म युद्ध वास्तव में सुनियोजित युद्ध रणनीति हैं आज गुजरात में गांधी नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि छह मई की घटनाओं के बाद भारत को आतंकी गतिविधियों का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं हैं

............

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांतिप्रिय है और किसी से दुश्मनी नहीं चाहता हैं उन्होंने कहा कि देश विश्व कल्याण में योगदान के साथ प्रगति की आकांक्षा रखता हैं सरकार करोडों भारतीयों के उत्थान के लिए समर्पण के साथ काम कर रही हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वाधीनता के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में कोई समझौता नहीं किया जाएगां इस सपने को साकार करने में प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगीं उन्होंने कहा कि विश्व की तीन सबसे बडी अर्थव्यवस्थाओं में भारत को शामिल करने के लिए टियर–टू और टियर–थ्री शहरों का आर्थिक विकास बेहद महत्वपूर्ण हैं

............

इससे पहले प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया और आधारशिला रखीं

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने **उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान – ए.एम.सी.ए. कार्यक्रम निष्पादन मॉडल** को मंजूरी दे दी हैं इस मॉडल का उद्देश्य स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना और मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक ईको सिस्टम को विकसित करना हैं रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये मॉडल एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगां

000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति को पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण के साथ भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया हैं आज नई दिल्ली में शिक्षा सम्मेलन में बोलते हुए, श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दूरदर्शी ढांचे के रूप में उभरी हैं उन्होंने कहा कि भारत ने बुनियादी ढांचे, समावेशिता और आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए शिक्षा क्षेत्र में काफी प्रगति की हैं

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परिणाम कल जारी किया जाएगां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कोटा कलेक्ट्रेट कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अजमेर बोर्ड से जुड़कर शाम 4 बजे ये नतीजे घोषित करेंगें बोर्ड सचिव कैलाश चन्द शर्मा ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं 10वीं कक्षा के लिए इस साल 10 लाख 96 हजार से ज्यादा बच्चों ने आवेदन किया थां

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाएं महत्वपूर्ण हैं उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का फायदा पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिएं राज्यपाल ने आज सलूम्बर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लीं इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लीं श्री बागडे ने स्थानीय नागरिकों का पलायन रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा कीं राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए शिक्षा आवश्यक हैं हर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिएं इसके बाद श्री बागडे डूंगरपुर पहुंचें राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कीं उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया और दिव्यांगों को इलैक्ट्रिक वाहन सौंपें

000

**केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड – सीबीडीटी** ने इस साल आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितम्बर कर दी हैं सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि इससे आईटीआर फॉर्म में संशोधन, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन के कारण लोगों को अधिक समय मिलेगां

000

राज्य में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे हैं जनस्वास्थ्य निदेशक रवि प्रकाश शर्मा ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि वायरस का ये वेरिएंट घातक नहीं हैं इससे घबराने की जरूरत नहीं हैं

000

राज्य में नगरीय निकायों के पुर्नगठन और पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों को लेकर आज जयपुर में बैठक हुईं मंत्रीमण्डलीय उप समिति की इस समीक्षा बैठक में अजमेर, कोटा, उदयपुर और बीकानेर संभाग के नगरीय निकाय प्रस्तावों पर चर्चा की गईं इसमें समिति के सदस्य वनमंत्री संजय शर्मा, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक और समिति के संयोजक नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भाग लियां वहीं जोधपुर, भरतपुर और जयपुर संभाग के नगरीय निकायों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों पर कल होने वाली बैठक में विचार विमर्श किया जाएगां

000

झुंझुनूं में हुए सुभाष हत्याकांड मामले में लोगों ने आज आक्रोश रैली निकालीं पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा के नेतृत्व में ये रैली हुई रैली में शामिल लोगों के जबरन कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करने पर पुलिस जाब्ते ने उन्हें रोकां तनाव बढने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी कियां आंदोलनकर्ता सुभाष मेघवाल के परिवार को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं

000

राज्य में कई स्थानों पर अगले तीन चार दिनों तक आंधी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना हैं वहीं पश्चिमी राजस्थान में हीटवेव का असर बना रहेगां मौसम विभाग के अनुसार जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ भागों में आज अंधड़ और हल्की बारिश हो सकती हैं इस बीच, पिछले 24 घंटों में बांसवाडा, डूंगरपुर और प्रतापगढ में रिमझिम बरसात हुईं बाडमेर, जोधपुर, फलौदी, कोटा और चित्तौडगढ में भीषण गर्मी और लू का असर रहां कई स्थानों पर रातें भी काफी गर्म रहीं

000

जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मॉनसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण और बचाव के लिए जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं उन्होंने आज आपादा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक लेकर मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा कीं इस दौरान डॉ. सोनी ने निगम अधिकारियों को नालों की सफाई जल्द पूरी करवाने के भी निर्देश दियें

000

जयपुर–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर विराटनगर क्षेत्र में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और 24 अन्य घायल हो गएं दुर्घटना आंतेला गांव के पास हरियाणा रोडवेज की बस और ट्रेलर के बीच टक्कर से हुईं कोटपूतली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण किया हैं पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर आज विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित किये गयें हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, भरतपुर, बांसवाडा और पाली सहित कई जगहों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुएं

000

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने इतिहास रचा हैं दक्षिण कोरिया के गुमी में पुरुषों की दस हजार मीटर दौड़ में गुलवीर ने स्वर्ण पदक जीतां उन्होंने 28 मिनट 38 दशमलव छह–तीन सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान प्राप्त कियां वहीं सर्विन सेबेस्टियन ने पैदलचाल में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोलां सर्विन ने पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदलचाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13 दशमलव छह सेकंड का समय लेकर ये पदक जीतां

000